Class - IX
Annual Term Examination (2024-25)
Subject - HINDI
Set – A2

निर्धारित समय - 3 घंटे	**अधिकतम अंक - 80**

सामान्य निर्देश -

1) **इस प्रश्नपत्र में कुल 17 प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**
2) **इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं - खंड (क) अपठित बोध**
   खंड (ख) व्यावहारिक व्याकरण
   खंड (ग) पाठ्यपुस्तक एवं पूरकपुस्तक
   खंड (घ) रचनात्मक लेखन
3) **प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।**
4) **यथासम्भव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमश: लिखिए।**

खंड क - अपठित बोध (14 अंक)

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - **7**

वास्तव में मनुष्य स्वयं को देख नहीं पाता।उसके नेत्र दूसरों के चरित्र को देखते हैं, उसका हृदय दूसरों के दोषों का अनुभव करता है।उसकी वाणी दूसरों के अवगुणों का विश्लेषण कर सकती है, किंतु उसका अपना चरित्र, उसके अपने दोष एवं उसके अवगुण, मिथ्याभिमान और थोथे आत्मगौरव के काले आवरण में इस प्रकार छिपे रहते हैं कि जीवनपर्यंत उसे दिखाई नहीं देते। इसलिए मनुष्य स्वयं को सर्वगुणसंपन्न देवता समझ बैठता है। आत्मविश्लेषण करना कोई सहज कार्य नहीं है।इसके लिए अत्यंत उदारता, सहनशीलता एवं महानता की आवश्यकता होती है। अपने गुणों-अवगुणों की अनुभूति मनुष्य को सदैव रहती है। अपने दोषों से वह हर पल अवगत रहता है, किंतु अपने दोषों को मानने के लिए तैयार न रहना ही उसकी दुर्बलता होती है और यही उसे आत्मविश्लेषण की क्षमता नहीं दे पाती। उसमें इतनी उदारता और हृदय की विशालता ही नहीं होती कि वह अपने दोषों को देखकर स्वयं कह सके। इसके विपरीत पर-निंदा में अपना कुछ नहीं बिगड़ता, उल्टे मनुष्य आनंद का अनुभव करता है। अपने दोष देखने से मनुष्य के अहंकार को चोट पहुँचती है।

1. आत्मविश्लेषण के लिए क्या आवश्यक है— **1**

(क) अनुभूति और अहंकार
(ख) थोथा आत्मगौरव व अभिमान
(ग) उदारता, सहनशीलता एवं महानता
(घ) अवगुण व दोष

2. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए। **1**

कथन (A)—वास्तव में मनुष्य स्वयं को ही देखता है।
कारण (R)—उसके नेत्र दूसरों के चरित्र को नहीं देखते हैं।
(क) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।
(ख) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की व्याख्या नहीं है।
(घ) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

3. किस शब्द में 'अव' उपसर्ग नहीं लगा है- **1**

(क) अवगुण
(ख) अवशेष
(ग) अवश्य
(घ) अवनति

4. मनुष्य स्वयं को सर्वगुण संपन्न देवता क्यों समझता है? **2**

5. मनुष्य क्या करने में आनंद का अनुभव करता है और किस चीज़ से उसे ठेस पहुँचती है? **2**

2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - **7**

पढ़ाई में या काम के दौरान ऐसे कई अवसर आते हैं, जब आप ऊबावट और खिन्न महसूस करते हैं। न चाहते हुए भी कई बार दिन की शुरुआत अनचाही समस्याओं से होती है। ऐसे समय में खुद पर आपका भरोसा कम हो जाता है। आप इस स्थिति से उबरने के लिए हर तरह के उपाय आजमाते हैं—प्रार्थना करते हैं; मंदिर-मस्जिद जाते हैं; ज्योतिषी या तांत्रिक के चक्कर काटते हैं; पर इस बात का विश्लेषण नहीं करते कि आखिर इस परिस्थिति से निकलने के लिए क्या प्रयास किए जाएँ और यह संकट आया क्यों? दरअसल हम अपनी समस्याओं की चर्चा बहुत बढ़ा-चढ़कर करते हैं और दूसरों की सहानुभूति चाहते हैं, लेकिन सहानुभूति या दया से समस्या हल नहीं होती। हम दिन-रात उसी मुसीबत के बारे में सोचते रहते हैं और इस प्रकार वह पूरी तरह हमारे दिलो-दिमाग पर छा जाती है। यह हमारे ऑफिस के और घर के कामों को भी प्रभावित करने लगती है। इससे पूरा परिवार तनाव में आ जाता है। क्योंकि वह भावनात्मक रूप से आपसे मजबूती से जुड़ा होता है, वह हमेशा आपको ही सही मानता है। इस पूरी प्रक्रिया में यदि हम स्वयं अपने कार्यों का मूल्यांकन करें तो हो सकता है, ऐसी स्थिति से बाहर निकलने में मदद मिल जाए। परिस्थितियों का ठीक-ठाक मूल्यांकन करके आप आसानी से समाधान तक पहुँच सकते हैं। किसी भी समस्या का हल उसकी जड़ में होता है। यदि आप समस्या की जड़ तक पहुँच गए तो समाधान असंभव नहीं होगा।

1. मुसीबत के समय हम मंदिर-मस्जिद क्यों जाते हैं— **1**

(क) भगवान हमारी मुसीबत दूर कर देगा
(ख) स्वयं पर हमारा भरोसा कम हो जाता है
(ग) हम मुसीबत का दोष भगवान पर मढ़ देते हैं
(घ) हम स्वयं कुछ करना नहीं चाहते

2. हम अपनी समस्याओं की चर्चा बढ़ा-चढ़ाकर क्यों करते हैं? **1**

(क) दूसरों की सहानुभूति पाने के लिए
(ख) दूसरों की मदद पाने के लिए
(ग) दूसरों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने के लिए
(घ) दूसरों के धैर्य की परीक्षा लेने के लिए

3. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए। **1**

कथन (A)—कई बार दिन की शुरुआत अनचाही समस्याओं से होती है।
कारण (R)—ऐसे में खुद पर भरोसा कम हो जाता है।

(क) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं।

(ख) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।
(ग) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(घ) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

4. कौन से समय में मनुष्य का स्वयं पर भरोसा कम हो जाता है ? **2**

5. किसी भी समस्या का समाधान कैसे किया जा सकता है ? **2**

खंड ख - व्यावहारिक व्याकरण (16 अंक)

3. अनुस्वार और अनुनासिक पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए - **2**

i) अनुस्वार और अनुनासिक के मध्य का अन्तर उदाहरण सहित बताइए |
ii) 'तुरत'- दिए गए शब्द के किस वर्ण पर अनुस्वार का प्रयोग होगा?
iii) 'ऊचाई'- दिए गए शब्द के किस वर्ण पर अनुनासिक का प्रयोग होगा?

4.शब्द तथा पद पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए - **2**

i) शब्द किसे कहते हैं ?
ii) शब्द कब तक शब्द ही रहता है, पद नहीं कहलाता? शब्द तथा पद के एक - एक उदाहरण दीजिए |
iii) **जमींदार** फल खाकर चकित रह गया | रेखांकित अंश पद है या शब्द?

5. स्वर संधि पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखिए - **3**

i) गुण संधि का एक उदाहरण दीजिए|
ii) 'शास्त्र +अर्थ'- संधि कीजिए|
iii) 'अत्यंत' शब्द का संधि विच्छेद कीजिए|
iv) अयादि संधि का एक उदाहरण दीजिए|

6. विराम-चिह्न पर आधारित निम्नलिखित में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए - **2**

i) (!) - कोष्ठक में दिए गए विराम चिह्न का क्या नाम है?
ii) उचित विराम चिह्न का प्रयोग करके वाक्य फिरसे लिखिए-
- लाल बहादुर शास्त्री जी ने नारा दिया था - जय जवान जय किसान |

iii) पूर्णविराम से कम तथा अल्पविराम से अधिक देर रुकने के लिए किस चिह्न का प्रयोग किया जाता है?

7. उपसर्ग और प्रत्यय पर आधारित निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए - **4**

i) उपसर्ग एवं मूल शब्द अलग करके लिखिए - सुपुत्री
ii) 'अनुपस्थित' शब्द में मूल शब्द क्या है ?
iii) 'राजनीतिक' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है ?
iv) एक ऐसा शब्द लिखिए जिसमें उपसर्ग और प्रत्यय दोनों का प्रयोग हुआ हो।
v) 'परिचय' शब्द में प्रयुक्त मूल शब्द व उपसर्ग अलग कीजिए|

8. अर्थ के आधार पर वाक्य-भेद पर आधारित निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए - **3**

i) वाक्य-भेद लिखिए- यदि वर्षा आएगी तो धरती में नमी भी हो जाएगी।
ii) वाक्य-भेद लिखिए – शायद वह यहाँ आ गया|
iii) 'शायद आज पिताजी आएँगे |'- वाक्य को इच्छावाचक वाक्य में बदलिए|

iv) क्या वह घूमने जाएगी ? - वाक्य को आज्ञावाचक वाक्य में बदलिए|

खंड ग - पाठ्य-पुस्तक एवं पूरकपुस्तक (30 अंक)

9. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उचित उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए - (5X1 = 5)

धनि रहीम जल पंक को, लघु जिय पियत अधाह।
उदधी बड़ाई कौन है, जगत पिआसो जाह।
नाद रहीम तन देत मृग, नर धन हेत समेत।
ते रहीम पशु से अधिक, रीझै कछु न देत।

1. रहीम किसे धन्य मानते हैं—
(क) वृक्ष को
(ख) कीचड़ के जल को
(ग) समुद्र को
(घ) पर्वत को

2. कीचड़ का जल क्यों धन्य है—
(क) क्योंकि वह पवित्र होता है
(ख) क्योंकि वह स्वादिष्ट होता है
(ग) क्योंकि उसे पीकर छोटे जीव-जन्तु तृप्त हो जाते हैं
(घ) उपयुक्त सभी

3. समुद्र की प्रशंसा कोई क्यों नहीं करता—
(क) क्योंकि वह बड़ा होता है
(ख) क्योंकि उसका जल मीठा होता है
(ग) क्योंकि उसमें तूफान आते हैं
(घ) क्योंकि उसके पास से संसार प्यासा लौट जाता है

4. मृग किस पर प्रसन्न होकर तन न्योछावर कर देता है—
(क) हरी घास पर
(ख) शीतल जल पर
(ग) नाद पर
(घ) उपयुक्त किसी पर नहीं।

5. रहीम के अनुसार कौन पशु से भी बदतर है—
(क) जो अधिक खाता है
(ख) जो प्रसन्न होने पर भी कुछ नहीं देता
(ग) जो प्रसन्न होकर सर्वस्व लुटा देता है
(घ) जो रात-दिन सोता रहता है।

10. स्पर्श (गद्य खंड) पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 शब्दों में दीजिए - (2+2+2=6)

i) 'दुख का अधिकार' शीर्षक कहाँ तक सार्थक है? स्पष्ट कीजिए।

ii) 'तुम कब जाओगे,अतिथि' पाठ के लेखक का नाम लिखिए तथा बताइए कि उनके लिए कौन-सा आघात अप्रत्याशित था और उसका उन पर क्या प्रभाव पड़ा?

iii) नज़दीक से एवरेस्ट को देखकर लेखिका को कैसा लगा? तेनजिंग ने लेखिका की तारीफ में क्या कहा?

iv) महादेव जी के किन गुणों ने उन्हें सबका लाडला बना दिया था?

11. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उचित उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए - 5X1 = 5

रामन् सरकारी नौकरी की सुख-सुविधाओं को छोड़ सन 1917 में कलकत्ता विश्वविद्यालय की नौकरी में आ गए। उनके लिए सरस्वती की साधना सरकारी सुख-सुविधाओं से कहीं अधिक महत्वपूर्ण थी।कलकत्ता विश्वविद्यालय के शैक्षणिक माहौल में वह अपना पूरा समय अध्ययन, अध्यापन और शोध में बिताने लगे। चार साल बाद यानी सन 1921 में समुद्र-यात्रा के दौरान जब रामन् के मस्तिष्क में समुद्र के नीले रंग का सवाल हिलोरें लेने लगा, तो उन्होंने आगे इस दिशा में प्रयोग किए, जिसका परिणाम रामन् प्रभाव की खोज के रूप में हुई।

1. रामन् कलकत्ता विश्वविद्यालय की नौकरी में कब आए—
(क) सन 1915 में
(ख) सन 1910 में
(ग) सन 1917 में
(घ) सन 1912 में

2. उनके लिए सरकारी सुख-सुविधाओं से महत्वपूर्ण क्या था—
(क) संगीत की साधना
(ख) सरस्वती की साधना
(ग) साहित्य की साधना
(घ) लक्ष्मी की साधना

3. कलकत्ता विश्वविद्यालय में रामन् अपना समय किसमें बिताने लगे—
(क) अध्ययन में
(ख) अध्यापन में
(ग) शोध में
(घ) इन सभी में

4. रामन् के मस्तिष्क में कौन-सा सवाल हिलोरें लेने लगा—
(क) समुद्र के नीले रंग की वजह क्या है?
(ख) समुद्र कितना गहरा है?
(ग) समुद्र पर जहाज कैसे तैरता है?
(घ) उपयुक्त कोई नहीं

5. 'शैक्षणिक' में कौन-सा प्रत्यय है—

(क) गिक

(ख) इक

(ग) क्षणिक

(घ) क

12. स्पर्श (काव्य खंड) पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 शब्दों में दीजिए - 2+2+2=6

i) रैदास के पहले पद में भगवान और भक्त की जिन-जिन चीजों से तुलना की गई है, उनका उल्लेख कीजिए।

ii) गीत - अगीत कविता के आधार पर प्रकृति के साथ पशु-पक्षियों के संबंध की व्याख्या कीजिए।

iii) नए बसते इलाके में कवि रास्ता क्यों भूल जाता है?

iv) अग्निपथ कविता का मूलभाव अपने शब्दों में लिखिए।

13.पूरक पाठ्य -पुस्तक संचयन भाग-1 पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए - (4+4 = 8)

i) लेखक ने किस तरह अत्यंत सूझ-बूझ से अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह किया? 'स्मृति' पाठ के आलोक में स्पष्ट कीजिए। इससे आपको क्या सीख मिलती है?

ii) 'उनाकोटी' का अर्थ स्पष्ट करते हुए बतलाएँ कि यह स्थान इस नाम से क्यों प्रसिद्ध है तथा कल्लू कुम्हार का नाम उनाकोटी से किस प्रकार जुड़ गया?

iii) लेखक द्वारा पहली पुस्तक खरीदने की घटना का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।मेरा छोटा सा निजी पुस्तकालय पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए|

खंड घ- रचनात्मक लेखन (20 अंक)

14.आप सिद्धांत / स्मिता हैं| अपने छोटे भाई को बुरी संगति से दूर रहने का सुझाव देते हुए लगभग **100 शब्दों में** पत्र लिखिए| **5**

अथवा

आप 'पुस्तक मेला' देखने गए| उसका वर्णन करते हुए लगभग **100 शब्दों में** पिताजी को पत्र लिखिए|

15.निम्नलिखित में से **किसी एक** विषय पर दिए गए संकेत- बिंदुओं के आधार पर **लगभग 100 शब्दों** का अनुच्छेद लिखिए- **5**

(i) एनिमेटेड फ़िल्में

संकेत बिंदु – अर्थ, बच्चों और बड़ों के लिए मनोरंजन, शिक्षा और सामाजिक संदेश का माध्यम

(ii) एक भारत, श्रेष्ठ भारत

संकेत बिंदु – अभियान का उद्देश्य, सांस्कृतिक एकता और विविधता का महत्त्व, भारत को और अधिक मजबूत बनाना

(iii) विज्ञापन और हमारा जीवन

संकेत बिंदु - विज्ञापन का प्रचार, प्रचार का मनुष्य पर प्रभाव, व्यक्ति का उचित दृष्टिकोण

16) नया मकान खरीदने के लिए शर्मा जी बैंक से ऋण लेना चाहते हैं| इस संबंध में बैंक प्रबंधक एवं शर्मा जी के बीच 100 शब्दों में संवाद लिखिए **5**

अथवा

नए विद्यालय में अपने पुत्र का दाखिला दिलवाने गए अभिवावक और प्रधानाचार्य के मध्य हुए वार्तालाप का संवाद लेखन 100 शब्दों में कीजिए|

17. नीचे दिए गए चित्र का **<u>लगभग 100 शब्दों में</u>** वर्णन कीजिए - **5**